# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्रिमंडल में मिली जगह, देर रात तक होगा विभागों का आवंटन।**
2. **नए मंत्रिमंडल में मिली सभी वर्गों को समान भागीदारी, सुदिव्य सोनू, चमरा लिंडा, योगेन्द्र महतो, राधाकृष्ण किशोर, शिल्पी नेहा तिर्की और संजय यादव नये चेहरे, दो महिला नेत्रियों ने ली मंत्री पद की शपथ।**
3. **कैमरून में फंसे झारखंड के सैंतालीस मजदूर, सोशल मीडिया पर वतन वापसी की लगाई गुहार।**
4. **रांची समेत पूरे राज्य में अगले तीन दिन बढेगी ठंड, मौसम विभाग ने आठ दिसंबर को बारिश का जताया पूर्वानुमान।**
5. **14वीं हॉकी इंडिया सबजूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड ने ओड़िशा को हराकर फाइनल में जगह बनायी।**

****************

हेमंत मंत्रिमंडल का आज गठन हो गया है। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री सोरेन ने जिन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया है उनमें चाईबासा विधायक दीपक बिरुआ, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू, बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, गोमिया विधायक योगेंद्र महतो और मधुपुर विधायक हफीजुल हसन अंसारी शामिल हैं। कांग्रेस से महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाया गया है। राजद कोटे से गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को मंत्री पद दिया गया है। श्री सोरेन ने इस बार अपने मंत्रिमंडल में छह नये चेहरों को शामिल किया है। मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि समय के साथ सरकार के काम में गति आएगी।

****************

झामुमो नेता सुदिव्य कुमार ने मंत्री पद की शपथ लेने पर कहा कि बतौर विधायक राज्य का विकास ही उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में नयी कैबिनेट झारखंड को एक बेहतर और विकसित राज्य बनाने में कामयाब होगी।

मंत्री पद की शपथ लेने के बाद झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने कहा कि सरकार की कोशिश होगी कि जनहित के मुद्दों पर ज़्यादा काम हो

इधर कांग्रेस नेता इरफान अंसारी ने शपथ ग्रहण के बाद कहा है कि इस बार फिर बहुमत से सरकार बनी है इससे राज्य में विकास की रफ्तार तेज होगी।

झारखंड मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ लेने के बाद राजद नेता संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किए गए सभी वादों को पूरा किया जायेगा।

इधर भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री ने स्वच्छ छवि के लोगों को जगह नहीं दी है।

****************

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ राज्य भर में रैलियां और प्रदर्शन किये जा रहे हैं। खूंटी, बोकारो और सरायकेला–खरसावां में आयोजित जनाक्रोश रैली में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे आक्रमणों पर अपनी निंदा जताई, साथ ही बांग्लादेशी सेना और पुलिस से मानवता की अपील की। इधर जमशेदपुर के आम बागान में भी एक जुलूस निकाली गयी और प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

****************

नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन के तहत बागवानी के उन्नत प्रशिक्षण के लिए किसानों को टाटानगर से हरियाणा भेजा गया। पूर्वी सिंहभूम जिले के समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) के निदेशक दीपांकर चौधरी ने बताया कि किसान हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे और फल–फूल, सब्जी, बागवानी का उन्नत प्रशिक्षण लेंगे। इसके साथ ही इन सभी को उगाने, रख–रखाव, मार्केटिंग, पैकेजिंग और सप्लाई चेन के बारे में सीखेंगे, ताकि वे यहां वापस आकर अच्छी तरह खेती–बाड़ी कर सकें।

****************

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर हजारीबाग की महिला किसानों को मिट्टी की देखभाल को लेकर प्रशिक्षित किया गया। खेती के क्षेत्र में महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए Central Rainfed Upland Rice research Station, हज़ारीबाग़ में अपने खेत की मिट्टी को कैसे सुरक्षित रख सकें और अच्छी खेती कर पाएं। इसे लेकर कृषि वैज्ञानिकों ने महिला किसाओं को प्रशिक्षण दिया।

****************

संथाल परगना में गोड्डा जिला आलू के उत्पादन में दूसरा स्थान रखता है। किसानों की मांग है कि आलू के भंडारण के लिए क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएं।

****************

झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 47 प्रवासी मजदूर अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे हुए है। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई है. चार महीने से इन मजदूरों को कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने खाने–पीने और अन्य जरूरतों का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

****************

झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की लेन–देन वाले केस की पुलिस जांच पर रोक लगा दी है। अदालत ने राज्य सरकार से अब तक हुई पुलिस जांच की रिपोर्ट मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। गौरतलब है कि ईडी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया है।

****************

गुमला जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से **पोषण भी पढ़ाई भी** पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि 3 वर्ष तक के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यकाल तथा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा को शुद्धीकरण करने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

****************

लोहरदगा जिले में समेकित ग्रामीण विकास अभिकरण में पदस्थापित प्रधान सहायक राजेंद्र उरांव को एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार किस्को थाना क्षेत्र के चरहु गांव निवासी इमरान खान ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को लिखित आवेदन देकर सूचित किया था कि कल्याण विभाग के जरिये उन्हें अल्पसंख्यक मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण के लिए 24 लाख 98 हजार रुपए का काम दिया गया था। इस काम के आखरी बिल की निकासी के लिए राजेंद्र उरांव रिश्वत की मांग कर रहे थे।

****************

सिमडेगा जिले के केरसई थाना क्षेत्र में बैलधोया पुल के पास एक पिकअप वैन की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने वैन के चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

****************

14वीं हॉकी इंडिया सबजूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप–2024 में झारखंड की टीम ने सेमी फाइनल में ओड़िशा को चार–तीन गोलों से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है। यह मैच सिकंदराबाद में आयोजित हो रही है।

****************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान ठंड बढ़ेगी।

*******समाप्त*******